2016

HINDI

(Major)

Paper : 2.1

(Hindi Sahitya Ka Itihas : Ritikal)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) मिश्रबंधुओं ने उत्तरमध्यकाल को किस नाम से पुकारा?

(ख) 'काव्य-विवेक' किनकी रचना है?

(ग) 'ललितललाम' किस प्रकार का काव्य-रूप है?

(घ) आलम द्वारा लिखित एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'वियोगबेलि' के कवि कौन हैं?

(च) ग्वाल के द्वारा रचित एक प्रबंध-काव्य का उल्लेख कीजिए।

(छ) अलंकार सम्प्रदाय का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी संप्रदाय किसको माना जाता है?

(ज) किस रीतिकालीन कवि का जन्म इटावा (उ० प्र०) में हुआ था?

(झ) किस कुल में भिखारीदास का जन्म हुआ था?

(ञ) किस रीतिकालीन कवि के पिताजी कवि मोहनलाल भट्ट जी थे?

2. निम्नलिखित का संक्षेप में परिचय दीजिए : 2×5=10

(क) चिंतामणि

(ख) केशवदास

(ग) देव

(घ) घनानंद

(ङ) पद्माकर

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) रीतिकाल का सीमांकन कीजिए।

(ख) रीतिकाल का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) रीतिकाल में मुक्तक की रचनाएँ सर्वाधिक क्यों उपलब्ध होती हैं?

(घ) रीतिकाल के प्रवर्तक को लेकर क्यों मतविरोध पाए जाते हैं?

(ङ) 'आचार्यत्व' से आप क्या समझते हैं?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) रीतिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए।

अथवा

'रीति' का तात्पर्य बताते हुए रीतिकालीन सांस्कृतिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ख) रीतिकाव्य के शास्त्रीय एवं साहित्यिक आधार पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

"रीति निरूपण और शृंगारिकता रीतिकालीन मुख्य प्रवृत्तियाँ रही हैं।" सतर्क पुष्टि कीजिए।

(ग) रीतिमुक्त काव्य की सामान्य विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

रीतिकालीन कवियों में बिहारी का स्थान निर्धारित कीजिए।

(घ) रीतिकालीन भक्ति-काव्य पर सम्यक् विवेचन कीजिए।

अथवा

रीतिकाल के वीर-काव्यों की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

Mahesh Chandra Dev Goswami Library
★★★
Acc. No. ....
Date..............
★ Nowgong Girls' College ★